Adding More National Highways

1162 .SHRI GOVINDRAM MIRI: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) the details of National Highways that are in vogue as on date;

(b) whether Government are considering to have more National Highways;

(c) if so, the details thereof; and

(d) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF SURFACE TRANSPORT (SHRI T.G. VENKATRAMAN): (a) At present there are 78 number of National Highways aggregating to a length of 34,298 Km. in the country.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

(d) Due to severe constraint of funds available for the development of National Highways during the 8th Five Year Plan, it is difficult to declare any State road as National Highway in the country, at this stage.

पंजाब में ग्रामीण दूरभाष केन्द्र

1163. **श्री इकबाल सिंह:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पंजाब में वर्ष 1994-95 और 1995-96 के दौरान ग्रामीण दूरभाष केन्द्र स्थापित करने के संबंध में कोई लक्ष्य निर्धारित किए गए थे;

(ख) यदि हां, तो अब तक कितनी प्रगति हुई है; और

(ग) इस संबंध में क्या कदम उठाए गये हैं?

संचार मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा): (क) विभागीय नीति के अनुसार, टेलीफोनों के लिए पंजीकृत दत्त मांग 10 अथवा इससे अधिक् होने पर ही किसी स्थान पर नए टेलीफोन एक्सचेंज की योजना बनाई जाती है। अत: ग्रामीण टेलीफोन एक्सचेंजों की स्थापना के लिए विशेष रूप से ऐसे कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किए जाते हैं।

(ख) पंजाब में 1994-95 और 1995-96 के दौरान, स्थापित किए गए ग्रामीण टेलीफोन एक्सचेंजों की संख्या निम्नलिखित है:-

1994-95	–	90
1995-96	–	44

(ग) वर्ष 1996-97 के दौरान, पंजाब में लगभग 100 नए ग्रामीण टेलीफोन एक्सचेंज स्थापित करने की योजना है, बशर्ते मांग हो।

मध्य प्रदेश में उपग्रह से जुड़ा दूरभाष केन्द्र

1164. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मध्य प्रदेश के रायगढ़ जिले के अंतर्गत जशपुर शहर में उपग्रह प्रणाली से जुड़ा दूरभाष केन्द्र स्थापित करने की किसी योजना को स्वीकृति दी गई थी;

(ख) यदि हां, तो कब और राज्य में अन्य किन-किन स्थानों के लिए ऐसी योजना को स्वीकृति दी गई थी;

(ग) इस प्रणाली को कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है; और

(घ) इस संबंध में आवश्यक उपकरणों आदि को प्रदान किए जाने विषयक ब्यौरा क्या है?

संचार मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा): (क) जी, नहीं।

(ख) उपग्रह प्रणाली के माध्यम से लम्बी दूरी की व्यवस्था करने के लिए मध्य प्रदेश में अन्य स्थानों की सूची विवरण में दी गई है। (नीचे देखिए)

(ग) 1996-97 के दौरान।

(घ) कुछेक उपस्कर प्राप्त हो गए हैं।

विवरण

स्टेशनों की सूची

क्र. सं.	स्टेशन का नाम
1.	दंतेवाड़ा
2.	रामानुजगंज
3.	देवोभोग
4.	बैहार
5.	भाभ्रा
6.	बेओहार
7.	भानपुरा
8.	बीजापुर
9.	सिओपुर कलां
10.	माण्डू
11.	पचमढ़ी
12.	कोंटा
13.	सुक्मा
14.	सामरी (कुसुमी)